-:प्रेस नोटः-

दिनांक- 16.11.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना कालिंजर पुलिस द्वारा एक महिला के मन्दिर कि सीढ़ियों पर छुट गये 40 हजार कीमत कि सोने की चेन को उठाने वाले व्यक्ति का पता कर, कराया गया वापस।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में दिनांक आज 16.11.2024 को थाना कालिंजर पुलिस द्वारा निलकण्ठ मन्दिर के दर्शन करने आयी महिला केतकी साहु पत्नी भगवानदीन साहु निवासी तुर्रा थाना बदौसा के मन्दिर कि सीढ़ीयों पर बैग सहित छुट गये 40 हजार कीमत कि सोने की चेन को उठाने वाले व्यक्ति का पता कर, सोने की चेन को वापस कराया गया। महिला केतकी साहु पत्नी भगवानदीन साहु मन्दिर के दर्शन करने के दौरान अत्याधिक थक जाने के कारण मन्दिर कि सीढ़ीयों पर बैठ कर आराम करने लगी तथा जाते समय अपना बैग उठाना भूल गई। इस दौरान वहां से गुजर रहे भुनेश्वर महतो पुत्र रुपलाल महतो निवासी पारजोरीया थाना विष्णुगढ़ (झारखण्ड) कि नजर बैग पर पड़ गई। उक्त व्यक्ति ने बैग में रखे 40 हजार कीमत कि सोने की चेन को अपने पास रख लिया तथा बैग को फेंक दिया। मन्दिर कि सीढ़ीयों पर ही दुकान लगाने वाली एक बच्ची ने उक्त व्यक्ति को बैग उठाते हुये देखा था। पुलिस द्वारा बच्ची से पुछताछ कि गयी तो बच्ची ने बैग उठाने वाले व्यक्ति के बारे में बताया कि वो व्यक्ति मन्दिर के ऊपर गया है तथा मैं उसको पहचान सकती हुं। बच्ची की मदद से व्यक्ति को पकड़ लिया गया। व्यक्ति ने महिला को उसका सोने की चेन को लौटा दिया। महिला ने पुलिस की कार्यवाही से खुश होकर धन्यवाद दिया।

पकड़ने वाली टीम-

1. प्र0नि0 श्री दीपेन्द्र सिंह
2. हे0कां0 राजमणि यादव
3. कां0 रवि कुमार